# —: भारत मे शिक्षा का विकास :—

→ ऋग्वैदिक काल मे शिक्षा का अधिकार सभी को था।

→ ब्रह्मचर्य आश्रम मे गुरुकुल मे शिक्षा प्राप्त की जाती थी।

→ विद्या आरम्भ से पूर्व उपनयन संस्कार होता था।

→ ऋग्वैदिक काल की बिदुषियाँ →

1. S – सिकता
2. A – अपाला
3. V – विश्वरा
4. L – लोपामुद्रा
5. G – घोषा

→ उत्तरवैदिक काल की बिदुषियाँ →

1. M – मैत्री
2. G – गार्गी

→ ज्ञान की प्रक्रिया →
- श्रवण
- मनन
- निदिध्यासन

→ ऋग्वेद मे 10564 श्लोक है।

अन्तेवासी → गुरुकुल में रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले

पितुरन्तेवासी → पिता के घर मे रहकर शिक्षा ग्रहण करने वाले (पिता ही शिक्षक)

नैष्ठिक → जीवन पर्यन्त शिक्षा ग्रहण करने वाले

HC Choudhary - Mobile Apps

Scanned by CamScanner

उपकुर्वाणा → शिक्षा उपरान्त घर लौटने वाले

ब्रह्मवादिनी → आजीवन ब्रह्मचारी रहकर विद्या अध्ययन करने वाली

प्रमुख शिक्षा केन्द्र →

1. तक्षशिला →

→ झेलम नदी के किनारे रावलपिंडी (पाकिस्तान)

→ प्रशासक → तक्ष

→ संस्थापक → भरत

→ भाषा → संस्कृत

→ 1980 मे तक्षशिला को विश्व धरोहर मे शामिल किया गया।

→ तक्षशिला मे शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र →

1. चाणक्य
2. चन्द्रगुप्त
3. प्रसेनजित
4. जीवक
5. पाणिनी
6. पंतजलि

2. नालंदा →

→ बडगाँव, राजगीर (बिहार)

→ संस्थापक → कुमारगुप्त

→ नालंदा को "महायान का ऑक्सफोर्ड" कहते है।

HCChoudhary - Mobile Apps

Scanned by CamScanner

→ पुस्तकालय का नाम → धर्मगंज / धर्मगंज

→ पुस्तकालय के 03 भवन →
(1) रत्नसागर
(2) रत्नोदधि
(3) रत्नरंजन

→ ह्वेनसांग तथा इत्सिंग ने नालंदा में अध्ययन किया था।

→ नालंदा में 10,000 छात्र तथा 1510 शिक्षक थे।

→ कुलपति → शीलभद्र

3. काशी →
→ उपनिषद काल से ही हिन्दू धर्म की शिक्षा का सबसे बड़ा केन्द्र था।

→ अलबरूनी हिन्दू धर्मशास्त्रो की जानकारी के लिए काशी गया था।

4. काँची →
→ पल्लव शिक्षा का सबसे बड़ा केन्द्र था।

5. औदंतपुरी →
→ बिहार

→ संस्थापक → गोपाल (पाल वंश का संस्थापक)

6. विक्रमशीला →
→ बिहार

→ संस्थापक → धर्मपाल

7. वल्लभी →
→ काठियावाड़ (गुजरात)

HC Choudhary - Mobile Apps

Scanned by CamScanner

Page No.:
Date:

## –: ब्रिटीश काल में शिक्षा का विकास :–

→ 1781 में वारेन हेस्टिंग्स ने "कलकता मदरसे" की स्थापना की

→ 'कलकता मदरसा' "ईस्ट इण्डिया कम्पनी" द्वारा स्थापित पहला विद्यालय था।

→ 1784 में विलियम जोन्स ने "एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल" की स्थापना की। बाद में इसका नाम "रॉयल सोसायटी ऑफ बंगाल" कर दिया गया।

→ 1791 मे जोनाथन डंकन ने वाराणसी मे "संस्कृत कॉलेज" की स्थापना की।

– कारण → यूरोपीय न्यायाधीशों को सहायता प्राप्त करने के लिए हिन्दू न्यायाधीशों को तैयार करना।

→ 1800 मे वैलेज्ली ने कम्पनी के असैनिक अधिकारियों के लिए कलकत्ता में "Fort William College" की स्थापना की।

→ 1813 में पहली बार चार्टर एक्ट में शिक्षा के लिए 1 लाख रुपये का प्रावधान किया गया।

→ 1833 के अधिनियम में इसे बढ़ाकर 10 लाख रु. कर दिया गया।

→ 1823 में शिक्षा के माध्यम को लेकर विवाद हुआ।

– प्राच्य शिक्षा के समर्थक →
- जेम्स प्रिंसेप
- विलसन

Scanned by CamScanner

- पाश्चात्य शिक्षा के समर्थक →
  - मुनरो
  - एलफिंस्टन

→ वायसराय विलियम बेंटिंक ने लार्ड मैकाले की अध्यक्षता मे लोक शिक्षा समिति का गठन किया।

→ मैकाले का कथन → "एक यूरोपीय लाइब्रेरी की एक अलमारी की एक तख्ते की पुस्तके भारत तथा अरब के साहित्य से अधिक मूल्यवान है।"

→ मैकाले भारत में अंग्रेजी शिक्षा प्राप्त ऐसा वर्ग तैयार करना चाहता था जो रक्त और रंग से भारतीय हो तथा प्रवृति व नैतिकता की दृष्टि से अंग्रेज हो।

→ मैकाले ब्राउन रंग के अंग्रेज तैयार करना चाहता था।

→ 1835 में "मैकाले मिनट" को स्वीकार किया गया तथा राजभाषा अंग्रेजी हो गई।

(पहले राजभाषा फारसी थी।)

→ ऑकलैण्ड ने शिक्षा का "अधोमुखी निस्यंदन सिद्धान्त" दिया जिसके फलस्वरूप उच्च वर्ग को शिक्षित किया जाए जिससे शिक्षा का प्रभाव छनछन कर स्वतः ही निम्न वर्ग तक आ जाएगा।

(Top to Bottom)

→ 1854 में "चार्ल्स वुड डिस्पैच" जारी हुआ जिसे "भारतीय शिक्षा का मेग्नाकार्टा" (अधिकार पत्र) कहा जाता है।

"चार्ल्स वुड डिस्पैच" की सिफारिशे →

1. महिला शिक्षा को प्रोत्साहन

Scanned by CamScanner

Page No.: Youva
Date:

2. लंदन विश्वविद्यालय की तर्ज पर "कलकत्ता, बम्बई व मद्रास" में 03 विश्वविद्यालयो की स्थापना की जाएगी।

→ 1882 मे "हंटर कमीशन" का गठन हुआ।

"हंटर कमीशन" की सिफारिशे →

1. High Schools में व्यावसायिक शिक्षा दी जाए।
2. निम्न शिक्षण संस्थानो की स्थापना पर बल।
3. उच्च शिक्षण संस्थानो से सरकार का पार्थक्य।

→ 1902 में लार्ड कर्जन ने "थॉमस रैले" की अध्यक्षता में "विश्वविद्यालय आयोग" का गठन किया। इसने "शिक्षा पर पूर्ण सरकारी नियंत्रण" की सिफारिश की।

→ 1904 में कर्जन ने 'भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम' पारित किया गया जिसके तहत कॉलेजो की स्वायत्तता समाप्त की गई इन्हे सरकारी नियंत्रण मे रखा गया।

– इस अधिनियम के तहत शिक्षा महानिदेशक पद का गठन किया गया।

प्रथम शिक्षा महानिदेशक → H.W. ऑरेंज

→ 1910 मे "शिक्षा विभाग" की स्थापना की गई।

→ 1911 में गवर्नर जनरल की काउंसिल में एक शिक्षा सदस्य की नियुक्ति की गई।

→ 1917 में "सैडलर कमीशन" का गठन किया गया।

HC Choudhary Mobile Apps

Scanned by CamScanner

"सैडलर कमीशन" की सिफारिशे →

1. महिला शिक्षा पर बल

2. स्नातक स्तर पर 03 वर्षीय पाठ्यक्रम हो।

3. प्रत्येक विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति हो।

→ 1929 में "हार्टोग कमीशन" का गठन हुआ।

"हार्टोग कमीशन" की सिफारिशे →

1. ग्रामीण छात्रो को मिडिल तक शिक्षा के बाद व्यावसायिक शिक्षा

2. केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की स्थापना।

→ 1935 में शिक्षा को "प्रान्तीय विषय" बनाया गया।

→ 1937 में गांधी ने 'हरिजन समाचार पत्र' में 'बुनियादी शिक्षा' की "वर्धा योजना" प्रस्तुत की।

"वर्धा योजना" की सिफारिशे →

1. 7-14 वर्ष के बच्चो के लिए निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा।

2. शिक्षा का माध्यम मातृभाषा

3. रूचि अनुकूल व्यावसायिक शिक्षा

→ गांधी को "Father of Basic Education" कहा जाता है।

→ 1944 मे "सार्जेन्ट कमीशन" का गठन हुआ।

HC Chaudhary Mobile Apps

Scanned by CamScanner

Page No.: Date: YOUVA

"सार्जेन्ट कमीशन" की सिफारिशे →

1. 06 -- 14 वर्ष के बच्चो को निशुल्क अनिवार्य शिक्षा।
2. नवयुवको को शरीर निर्माण तथा देश निर्माण की शिक्षा।
3. High School की शिक्षा केवल इन्ही को जो उसके योग्य हो

→ 1948 मे "राधाकृष्णन आयोग" का गठन किया जिसकी सिफारिश पर 1953 में UGC की स्थापना की।

HC Choudhary - Mobile Apps

Scanned by CamScanner